दिनांक-27फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

इंटरकनेक्शन का कार्य पूर्ण , जल शोधन संयंत्र से उच्चस्तरीय जलागार में पानी देने का कार्य प्रारंभ

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत तीनों स्थानों पर इंटरकनेक्शन का कार्य पूर्ण होने के पश्चात 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से उच्च स्तरीय जलागार को पानी देने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, ओवरहेड टैंक में पानी भरने के पश्चात डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन के माध्यम से घरों में पानी मिलने लगेगा! जल प्रदाय के लिए शिवनाथ इंटकवेल के आसपास एवं संपवेल की सफाई कराई गई, ताकि शुद्ध पेयजल लोगों तक पहुंच सके! 3 दिनों तक चले इंटरकनेक्शन के कार्य में प्रत्येक स्थलों के लिए अलग-अलग टीम लगाई गई थी, नई टंकियों को जोड़ने का कार्य इंटरकनेक्शन के माध्यम से किया जा रहा है, आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है! टैंकर मुक्त शहर बनाने की दिशा में भी निगम प्रयासरत है इस कार्य में तेजी लाने के लिए निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने जोनवार नोडल अधिकारी भी नियुक्त कर दिए है!

जनसंपर्क अधिकारी